भोले के नाम का प्याला पिएंगे

भोले के नाम का प्याला पिएंगे,
भोले के नाम का जप हम करेंगे,
मस्ती में झूमेंगे नाचे गाएंगे,
जब भी भोले मेरे डमरू बजायेंगे...

ओ दीवाने ओ मस्ताने,
भोले की ताक़त को तू ना जाने,
जो भी बने भोले के दीवाने,
दुनिया उसे साधु संतो में जाने,
भोले भोले मेरे, भोले भोले मेरे,
भोले भोले मेरे, भोले भोले.......

माथे अर्ध चन्द्रमा साजे,
जिसके गले में नाग बिराजे,
भूत प्रेत हो या कोई भी शक्ति,
कुछ भी नहीं है मेरे भोले के आगे,
भोले भोले मेरे, भोले भोले मेरे,
भोले भोले मेरे, भोले भोले........

जो धरती अम्बर को हिला दे,
जिसका जूनून समंदर उछाले,
जिसका त्रिशूल है इतना भयंकर,
अच्छे अच्छो के इसने प्राण निकाले,
भोले भोले मेरे, भोले भोले मेरे,
भोले भोले मेरे, भोले भोले.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32894/title/bhole-ke-naam-ka-pyala-piyege

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |